न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :— श्री अनिल कुमार आर.ए.एस..

राजस्व आवेदन संख्या —27 / 2022

उनवान

प्रार्थीगण

1. गेनाराम पुत्र टीलाराम
2. बागाराम पुत्र टीलाराम जाति मेघवाल निवासी कंटलिया का पार तहसील रामसर।

विप्रार्थीगण

1 बहादुर पुत्र कामल वगेराह विप्रार्थी संख्या 2 से 48

2 तहसीलदार रामसर।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 वास्ते नेखमबंदी

आवेदन संख्या :—27 / 2022 दिनांक :—06.03.2024

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत न्यायालय में दिनांक 23.03.2022 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मौजा नीलसर पटवार हल्का अभे का पार भू अभिलेख निरीक्षक गागरिया के खसरा संख्या 7 रकबा 5.1719 हेक्टयर व खसरा संख्या 101 / 7 रकबा 5.1800 हेक्टयर उनके खाते की कृषि भूमि अवस्थित है। उक्त वादग्रस्त भूमि के विप्रार्थीगण पड़ोसी है। प्रार्थी व विप्रार्थीगण के मध्य आराजियात के सीमा चिहन नहीं होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है जिससे कि प्रार्थी अपने खेत की कृषि भूमि की नेखमवंदी कराना चाहते है। आवेदन स्वीकार किया जाकर नेखमवंदी का आदेश प्रदान किया जावे।

प्रकरण के अवलोकन में यह तथ्य प्रमाणित है कि विवादित आराजी प्रार्थी की खातेदारी कृषि भूमि है और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से एक खातेदार अपने खेत की कृषि भूमि की नेखमवंदी करवाने का हकदार है। अन्य विप्राथीगण को सम्मन रजिस्टर्ड जारी होने वावजूद उपस्थित नही एवं जवाब प्राप्त नही। अतः प्रार्थना पत्र न्यायाहित में स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र विरूद्ध विप्रार्थीगण स्वीकार किया जाकर मौजा नीलसर पटवार हल्का अभे का पार भू अभिलेख निरीक्षक गागरिया के खसरा संख्या 7 रकबा 5.1719 हेक्टयर व खसरा संख्या 101 / 7 रकबा 5.1800 हेक्टयर भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करने हेतु तहसीलदार रामसर को 1000 / — अक्षरे रूपये एक हजार रूपये मात्र पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। तहसीलदार रामसर को निर्देश दिये जाते है कि वे उपरोक्त आराजियात में मौके पर विवाद होने, किसी न्यायालय में स्थगन एवं मौके पर खड़ी फसल होने की स्थिति में नेखमवंदी की कार्यवाही नहीं की जावे। राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी परिपत्रों / अधिसूचनाओं में दिये गये दिशा–निर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए, मुस्तकील विन्दु को आधार मानकर नेखमवंदी की कार्यवाही की जावे तथा उक्त प्रकरण में दर्ज सभी प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण को लिखित सूचना पत्र से समय एवं तिथि बावत सूचित करते हुए उनकी उपस्थिति में उक्त खसरे के पक्के नेखम स्थापित करें। कमिश्नर शुल्क प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। आवश्यकतानुसार तहसीलदार रामसर को संबंधित पुलिस थाने से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपरोक्तानुसार नेखमवंदी की समयबद्ध पालना की जाकर पालना रिपोर्ट उपलब्ध करावें। यह आदेश आज दिनांक 06.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)

उपखण्ड अधिकारी रामसर

क्रमांक : रीडर / 2024 / 804-07 दिनांक : 6/3/24

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर को भेजकर लेख है कि प्रकरण में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही कर 15 दिवस में पालना से न्यायालय को अवगत करावें।
2. थानाधिकारी रामसर।
3. प्रार्थी गेनाराम पुत्र टीलाराम वगेराह।
3. विप्रार्थीगण वहादुर पुत्र कामल वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी रामसर

उपखण्ड अधिकारी रामसर